हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ' परीक्षा पे चर्चा' के 9 वें संस्करण के दौरान छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के गुर दिए ।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्यकता पर बल दिया ।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के तहत शहरी प्रवासियों और औद्योगिक श्रमिकों को किफायती दरों पर किराये के आवास की व्यवस्था शुरू की गई ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 'नागेश ट्रॉफी' के 8 वें संस्करण का उद्घाटन किया ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम से 'मुख्यमंत्री कप' का शुभारंभ किया ।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की आज दूसरी वीडियो जारी की गई। वीडियो में उन्होंने छात्रों से परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की।

श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म-विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्यकता पर बल दिया।

*अगर अनुशासन है ही नहीं, तो कितने ही इन्स्परेशन होगा, तो वो इन्स्परेशन किस काम का। मान लीजिए कि एक किसान है, उसको प्रेरणा मिल रही है बगल वाला किसान बहुत फसल कर रहा है। इन्स्परेशन है यार लेकिन ये जोतेगा नहीं और बारिश आ गई फिर वो कुछ भी करें, उसकी हालत खराब ही रहेगी।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए।

*हमें किसी चीज से डरना नहीं चाहिए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम उसके गुलाम नहीं बनेंगे। मैं अपने जीवन में मैं ही निर्णायक रहूंगा वह मेरा मालिक नहीं बनेगा। जैसे कुछ बच्चों का है कि मोबाइल उनका मालिक बन गया है। अगर मोबाइल नहीं है तो खाना नहीं खा सकता है, टीवी नहीं है तो जी नहीं सकता।*

श्री मोदी ने बच्चों को परीक्षा के दौरान शांत रहने और विषय पर पकड़ के लिए लगातार अभ्यास करने का मंत्र भी दिया।

**********

आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत लाभार्थियों को अब तक 9 लाख से अधिक आवास आवंटित किए गए हैं।

आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि 2015 में शुरू की गई इस योजना के तहत देश भर में कुल एक करोड़ 12 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने सदन को बताया कि योजना के दूसरे चरण के तहत शहरी प्रवासियों और औद्योगिक श्रमिकों के लिए किफायती दरों पर किफायती किराये के आवास की व्यवस्था शुरू की गई है।

*यदि लोग अपना मकान अगर नहीं भी ले सकते, तो कम से कम किराए पे वो लोग रह सकते हैं। उनको किराए का मकान ये उपलब्ध हो जाए। इस प्रकार से इस योजना में परिवर्तन करके और ये टू में लाया गया। पोर्टेबल रेंटल स्कीम के अंतर्गत और ये लोग अपना लाभ उसमें उठा रहे हैं।*

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ करने की हिदायत की है। आज गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते समय मुख्यमंत्री ने कहा कि

लोगों के काम करते समय कोई कोताही न बरती जाए। बाद में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के समग्र विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबंध है। जिले से जुड़ी प्रत्येक समस्या पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर जन समस्याओं की समीक्षा कर रही है, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके और विकास कार्यों में गति बनी रहे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सेक्टर-10ए स्थित उमंग भारद्वाज चौक से वाया गाडौली होते हुए द्वारका एक्सप्रेसवे तक सड़क को अगले 24 घंटे के भीतर गड्ढा-मुक्त करने और सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने के भीतर सभी सड़कों की मरम्मत कर उन्हें मोटरेबल बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने सूरत नगर फेज-1 में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को एक माह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र की सभी प्रभावित गलियों को जलभराव से मुक्त कर उनका जीर्णोद्धार किया जाए, ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने तय समय सीमा में काम पूरा न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज गुरु ग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम के क्रिकेट मैदान में पुरुषों की दृष्टिबाधित राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता-नागेश ट्रॉफी का उद्घाटन किया। नागेश ट्रॉफी के 8वें संस्करण में

29 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं और कुल 73 मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता से चयनित 17 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वर्ष 2026-27 की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए 21 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम तथा पटौदी से विधायक विमला भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पहले टी 20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अभिनंदन किया और टीम की खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि टीम ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर देश का नाम रोशन किया है और यह उपलब्धि पूरे राष्ट्र, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम से मुख्यमंत्री कप का शुभारंभ किया और 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के 417 पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को लगभग 24 करोड़ रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। उन्होंने हॉकी खिलाड़ी पद्मश्री सविता पूनिया को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ी प्रदेश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। मुख्यमंत्री कप के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय

मुख्यमंत्री कप की 6 खेल प्रतियोगिताओं में 3600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस कप में स्वर्ण पदक विजेता को 1 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 70 हजार रुपये तथा कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

**********

हरियाणा कांग्रेस  द्वारा आगामी नगर निगम एवं निकाय चुनावों को लेकर पंचकुला, अंबाला व सोनीपत में समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने की।

इस दौरान निकाय चुनावों की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती, संभावित उम्मीदवारों के चयन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारों का चयन उनकी योग्यता, जनसरोकार, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और जीत की क्षमता के आधार पर किया जाएगा।

**********

हरियाणा के पंचकुला में अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद न्यायलय परिसर को खाली करवाया गया पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वाड ने तलाशी अभियान चलाया ।पंचकुला पुलिस की उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने बताया की जांच में कुछ नहीं पाया गया ।

**********